मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 210 ■ शुक्रवार 14 नवंबर 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**कंगना रनौत को झटका**

# सिंधी एकता पत्रकार मंच की ऐतिहासिक आक्रोशित रैली









**सिंधी एकता पत्रकार मंच ने सिंधी एकता का दिया संदेश**

**अमित बघेल के विरुद्ध सिंधी समाज का आक्रोश आया बाहर**

**जन आक्रोश रैली में उमड़े हजारों लोग**

**संत-महात्मा व सर्वपक्षीय नेता हुए शामिल**

**बघेल मुर्दाबाद के लगे नारे, बघेल का पुतला जलाया गया**







**उल्हासनगर।** सिंधी समाज पर टिप्पणी करने वाले अमित बघेल के खिलाफ उल्हासनगर शहर में सिंधी एकता पत्रकार मंच ने गुरुवार को ऐतिहासिक आक्रोशित रैली निकाली जिसमें सिंधी समाज के साथ हर समाज व वर्ग ने समर्थन करते हुए हजारों की संख्या में लोग उमड़े। खासकर सिंधी समाज के संत-महात्मा ने रैली की शोभा बढ़ाई। रैली का समर्थन करने सर्वपक्षीय नेता भी शामिल हुए। इस रैली में बघेल मुर्दाबाद के नारों के साथ बघेल का पुतला भी जलाया गया और जूते चप्पलों से भी उसके फोटो की पिटाई कर सिंधी समाज ने अपना गुस्सा जाहिर किया। उल्हासनगर शहर में सिंधी एकता पत्रकार मंच ने सिंधी एकता का संदेश देकर यह बता दिया है कि अगर कोई सिंधी समाज के विरुद्ध कार्य करेगा तो यह समाज उन्हें सबक सिखाएगा।



ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ के एक नेता अमित बघेल ने 26 अक्टूबर 2025 को सिंधी समाज के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी की थी उसने सिंधी समुदाय को पाकिस्तानी बताया और सिंधी समाज के इष्ट देव भगवान झूलेलाल पर भी टिप्पणी की। जिस कारण आक्रोशित सिंधी समाज ने अमित बघेल के विरुद्ध गुरुवार 13 नवंबर 2025 को शाम 4 बजे जन आक्रोश बाइक रैली निकाली। उल्हासनगर-1 स्थित गोल मैदान से रैली शुरू हुई और उल्हासनगर-2 स्थित भाऊ परसराम झूलेलाल मंदिर तक शाम 7 बजे इसका समापन हुआ।









इस रैली में भाग लेने के लिए संत समाज से भाऊ परसराम झुलेलाल मंदिर से भाऊ लीलाराम, साई वसण शाह दरबार के प्रमुख साईं कालीराम, मधुसूदन बापू, अमृतवेला ट्रस्ट के प्रमुख विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके साथ सर्वपक्षीय नेताओं में विधायक कुमार आयलानी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया, राकांपा जिलाध्यक्ष भारत गंगोत्री, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रोहित सालवे, पूर्व महापौर आशा इदनानी, शिवसेना वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह भुल्लर महाराज, व्यापारी नेता दीपक छतलानी, प्रकाश कुकरेजा, मनसे प्रमुख बंडू देशमुख, अमर जग्यासी, अन्नू मनवानी, अजित सिंह लबाना, प्रकाश नाथानी, टोनी सीरवानी, पिंटो बठीजा, राजा गेमनानी, कैलाश सुखरामानी, नवीन दूधानी, सोनू विशनानी, सिंधी कलाकार मंच से दीपक वाटवानी आदि नेता व कार्यकर्ताओं के साथ व्यापारी, महिलाएं व युवा बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

इस ऐतिहासिक रैली का आयोजन सिंधी एकता पत्रकार मंच के महेश मूलचंदानी, हीरो बोधा, अशोक पिंजानी, टोनी लालवानी, मनीष नारा, पवन साबलानी, किशोर पिंजानी, प्रेम जामनानी, जीतू जग्यासी, जयकिशन पारवानी, नीरज हरवानी, चंदन तिलोकानी, कृष्णा लालवानी ने रैली को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# जनवरी में मनपा चुनाव!

■ **15 दिसंबर के बाद आचार संहिता लागू होने की संभावना**



**कल्याण.** नगर पंचायत और नगरपालिका चुनाव समाप्त होते ही जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों की घोषणा हो जाएगी। इसके बाद, जनवरी में ठाणे और मुंबई सहित 28 महानगर पालिकाओं के चुनाव होंगे और दिसंबर के दूसरे सप्ताह में आचार संहिता लागू हो जाएगी।

स्थानीय निकाय चुनावों का बिगुल बज चुका है और राजनीति में नए समीकरण उभर रहे हैं। सिंधुदुर्ग जिले में शिंदे शिवसेना और ठाकरे शिवसेना के बीच गठबंधन की चर्चा है। संकेत हैं कि ये चुनाव रंगीन होंगे क्योंकि पुणे जिले में दोनों राष्ट्रवादी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का मुद्दा भी सामने आया है। मुंबई, ठाणे, कल्याण, डोंबिवली के महानगरपालिका चुनाव एक साथ होने की संभावना है, और कुल मिलाकर महानगरपालिका चुनाव मिनी आचार संहिता से पहले सभी विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास करने की जल्दबाजी में कराए जा रहे हैं। प्रशासनिक स्तर पर आचार संहिता से पहले सभी विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास करने की होड़ मची हुई है। यह ध्यान में रखते हुए कि आचार संहिता एक महीने के भीतर कभी भी लागू हो सकती है, सत्तारूढ़ विधायकों और कुछ मंत्रियों ने महानगरपालिका प्रशासन को ऐसे उद्घाटनों की योजना बनाने के निर्देश दिए हैं, और देखा जा रहा है कि कार्यों को पूरा करने के लिए होड़ मची हुई है। इसे विधानसभा भी कहा जा रहा है। राष्ट्रीय नेता भी इन चुनावों के लिए प्रचार करने वाले हैं।

# पूर्व नगरसेवक धनंजय सुर्वे का शिवसेना में प्रवेश

■ **धनंजय सुर्वे 2 बार नगरसेवक एवं राकांपा (शप) के शहर महासिचव रहे**

▸▸ यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ राकांपा (श.प.) के महासचिव एवं दो बार नगरसेवक रह चुके धनंजय सुर्वे ने शिवसेना (शिंदे) में प्रवेश कर लिया है. बुधवार रात में उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों उन्हें प्रवेश कराया गया है. सुर्वे ने शिवसेना का भगवा झंडा हाथ में लिया. शिवसेना का पटका गले में डालकर उन्हें प्रवेश दिया गया. सांसद श्रीकांत शिंदे भी इस मौके पर उपस्थित थे. अंबरनाथ शहर में धनंजय सुर्वे एक जाना-माना नाम है. सन 2014 के विधानसभा चुनाव में वह वंचित बहुजन आघाड़ी के उम्मीदवार थे. इस समय उन्हें 16,500 वोट प्राप्त हुए थे. इससे पूर्व वह आरपीआई के शहराध्यक्ष भी थे. सुर्वे भास्कर नगर, भेंडी पाड़ा से दो बार नगरसेवक रह चुके हैं. वह एक अभ्यासु नगरसेवक रह चुके हैं. शहर की समस्याओं पर अंबरनाथ नगर परिषद सभागृह में खुलकर आवाजा उठाते रहे हैं. गत कई दिनों से वह शिवसेना में प्रवेश के लिए प्रयास कर रहे थे. आखिर बुधवार रात में वह अपने समर्थकों के साथ शिवसेना पक्ष में शामिल हो गए हैं. पता चला है कि शिवसेना से उन्हें उम्मीदवारी भी दी जाएगी.

विदित हो कि इससे पूर्व पूर्व नगरसेवक उमर इंजीनियर भी शिवसेना में शामिल हो गए हैं. सुर्वे, उमर इंजीनियर एवं शहर पूर्व के मनसे के चार पूर्व नगरसेवकों के शिवसेना में शामिल होने से शहर में शिवसेना स्थानीय स्वराज्य संस्था 2025 के चुनाव में मजबूती से अपने कदम बढ़ा रही है.

## ओम साईं नगर में एक घर पर गिर गया पेड़

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर के ओम साईं नगर इलाके में खतरनाक पेड़ों के गिरने के बाद एक बड़ा हादसा टल गया है। अचानक, तेज आवाज के साथ शाखाएं घरों के पत्तों पर गिर गईं, जिससे पत्तों को काफी नुकसान पहुंचा और घर के सदस्यों के मन में भय का माहौल बन गया।

घटना की सूचना मिलने पर मनपा के अग्निशमन विभाग से संपर्क किया। कुछ ही देर में दमकल की टीम मौके पर पहुँच गई। दमकल ने बड़ी सावधानी से घरों पर गिरी शाखाओं को हटाया और पेड़ के टूटे हुए हिस्से की भी छंटाई की। इससे एक संभावित बड़ा हादसा टल गया।

# शिवसेना चुनाव चिह्न मामले पर सुनवाई 21 जनवरी को

**मुंबई.** सुप्रीम कोर्ट महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट को 'धनुष और बाण' चुनाव चिह्न आवंटित करने के निर्वाचन आयोग के फैसले के खिलाफ शिवसेना (यूबीटी) की याचिकाओं पर 21 जनवरी को अंतिम सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बुधवार को कहा कि वह 21 जनवरी से 'शिवसेना चुनाव चिह्न' विवाद पर सुनवाई करेगी। पीठ ने कहा कि इसके बाद 22 जनवरी को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से संबंधित इसी तरह के विवाद पर भी सुनवाई होगी, क्योंकि दोनों मामलों में कई समान मुद्दे शामिल हैं। शीर्ष अदालत ने राजनीतिक दलों के प्रत्येक गुट की दलीलें सुनने के लिए तीन-तीन घंटे का समय भी निर्धारित किया। उद्धव ठाकरे गुट का पक्ष रखने के लिए पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत ने दलील दी कि राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव होने हैं, इसलिए इस मामले की तत्काल सुनवाई की जरूरत है। इस पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि भारत में राजनीतिक दल हमेशा चुनावी माहौल में रहते हैं, चाहे वे राष्ट्रीय चुनाव हों, विधानसभा चुनाव हों या फिर स्थानीय निकाय चुनाव। शिंदे गुट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और नीरज किशन कौल पेश हुए।



# चौथे दिन दाखिल हुआ पहला नामांकन

■ **निर्दलीय नामांकन दाखिल करने वाले आकाश की आज शादी है**

■ **हल्दी के दिन दाखिल किया नामांकन**



**अंबरनाथ.** आज मेरी हल्दी है, कल मेरी शादी है. हल्दी लगने से पहले मैंने नपा सदस्य सदस्य चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया है. पहले नामांकन भरूंगा, फिर मैं हल्दी लगाऊंगा. बाद में शादी करूंगा. अंबरनाथ नपा चुनाव में चौथे दिन पहला नामांकन दाखिल करने वाले निर्दलीय उम्मीदवार आकाश पुजारी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए खुशी का इजहार किया. निर्दलीय उम्मीदवार आकाश ने प्रभाग क्र. 10 शहर पश्चिम, वांद्रा पाड़ा, शास्त्री नगर के लिए नामांकन दाखिल किया है. आकाश के साथ उनकी माता भी थी. चुनाव अधिकारी उमाकांत गायकवाड़ ने नामांकन स्विकार किया.

विदित हो कि 10 नवंबर से उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने की तारीख शुरू हुई है. गुरुवार 13 नवंबर को चौथे दिन पहला नामांकन दाखिल हुआ है. इच्छुक उम्मीदवार जरूरी कागजात एकत्रित करने में लगे हैं. अभी तक भाजपा-शिवसेना में युति नहीं हुई है, तो महागठबंधन कांग्रेस, राकांपा (शप), शिवसेना उबाठा और मनसे में भी गठबंधन नहीं होने से सभी राजकीय पक्ष के कार्यकर्ता प्रतीक्षा में हैं कि उन्हें हरी झंडी मिलेगी तो वह नामांकन दाखिल करेंगे. नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 17 नवंबर या एक दिन पूर्व 16 नवंबर को ये स्पष्ट हो जाएगा. कार्यकर्ता और इच्छुक उम्मीदवार बेचैन हैं, लेकिन भाजपा-शिवसेना ने अपने सभी प्रभाग के इच्छुकों को तैयार रहने के लिए कहा है.

# आचार संहिता भंग की शिवसेना ने चुनाव अधिकारी से की शिकायत

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ भाजपा के संभावित नगराध्यक्ष एवं उम्मीदवारों द्वारा नागरिकों को इस आचार संहिता में खुलेआम प्रलोभन दिया जा रहा है, ऐसी शिकायत शिवसेना के दीपक पवार द्वारा चुनाव निर्णय अधिकारी को करने के बाद अधिकारी ने आचार संहिता पथक को इसकी जांच करके कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं. पत्रकारों को ऐसी जानकारी स्वतः पवार ने दी है.



विदित हो कि हमने भाजपा द्वारा आचार संहिता भंग किए जाने की खबर को पहले प्रकाशित किया है. गुरुवार को शिवसेना के पदाधिकारियों ने चुनाव निर्णय अधिकारी से भेंट करके उन्हें वह पम्फलेट भी बताया जिसमें लकी ड्रा के नाम पर महिलाओं को कलर टीवी, मिक्सर ग्राइंडर, वाशिंग मशीन प्रलोभन के तौर पर खुलेआम बांटे जा रहे हैं. ऐसा आरोप लगाने के बाद चुनाव निर्णय अधिकारी ने आचार संहिता पथक को आदेश दिया है कि जांच करके कार्रवाई करें. शिवसेना द्वारा ये भी बताया गया कि भास्कर नगर, शोभा मैदान में लकी ड्रा के लिए कार्यक्रम का आयोजन करके प्रलोभन के रूप में उपरोक्त इनाम दिए जा रहे हैं, जो कि आचार संहिता का उल्लंघन है.

# होटल में हत्या करके फरार 6 आरोपी गिरफ्तार

■ **मामूली विवाद में ले ली थी जान**

**कल्याण.** डोंबिवली एमआईडीसी के फेज 2 स्थित एक बार और रेस्टोरेंट के प्रवेश द्वार पर एक ग्राहक को चाकू मारकर एक गिरोह ने उसकी हत्या कर दी। यह घटना रविवार की रात लगभग 12:15 बजे हुई। मानपाड़ा पुलिस ने जाँच में तेज़ी लाकर बड़ी मुश्किल से नासिक से 6 हत्यारों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।



गिरफ्तार आरोपियों में अमर राजेश महाजन (36, निवासी महाजन चॉल, कर्वे रोड, विष्णुनगर, डोंबिवली पश्चिम), अक्षय कुमार शंकर वागले (26, धनलक्ष्मी एकवीरा अपार्टमेंट, दावड़ी-रीजेंसी रोड, डोंबिवली-पूर्व), अतुल बालू कांबले (24, रेणुका चॉल, सरोवर नगर, कुंभारखानपाड़ा, सुभाष रोड, डोंबिवली-पश्चिम), नीलेश मधुकर थोसर (42, शुभ सृष्टि अपार्टमेंट अंबेडकर चौक) शामिल हैं। बदलापुर-पूर्व), प्रतीक सिंह प्रेम सिंह चौहान (26, निवासी विठ्ठल प्रसाद बिल्डिंग, आयरे रोड, डोंबिवली-पूर्व) और लोकेश नितिन चौधरी (24, निवासी साईं चरण निवास चॉल, सरोवर नगर, डोंबिवली पश्चिम)। छह लोगों के इस गिरोह द्वारा किए गए जानलेवा हमले में गोग्रासवाड़ी में सरोवर बार के पास रहने वाले आकाश भानु सिंह (38) की मौके पर ही मौत हो गई.

■ **हत्यारों को पकड़ना था एक चुनौती**

घटनास्थल पर कोई सुराग नहीं मिला था। इसलिए, पुलिस के सामने हत्यारों को पकड़ना एक कठिन चुनौती थी। पुलिस उपायुक्त अतुल ज़ेंडे, डोंबिवली संभाग के सहायक पुलिस आयुक्त सुहास हेमाडे और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संदीपन शिंदे ने अपने लंबे अनुभव का इस्तेमाल किया। इसके लिए, अपराध जांच शाखा के पुलिस निरीक्षक जयपाल सिंह राजपूत, पुलिस निरीक्षक लक्ष्मण साबले, पुलिस निरीक्षक मनीषा टेहरी के मार्गदर्शन में पुलिस दल को अलग-अलग दिशाओं में भेजा गया।

## नासिक की गलियों में फिल्मी स्टाइल में दबोचा

दूसरी ओर, तकनीकी विश्लेषण और निजी खबरियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर, सपोनी संपत फडोल और उनके सहयोगी नासिक पहुंचे। छह लोगों का एक गिरोह एक जगह छिपा हुआ था। जैसे ही पुलिस को पता चला कि वे आ रहे हैं, गिरोह वहां से चला गया आखिरकार, सपोनी संपत फडोल और उनके साथियों ने नासिक शहर पुलिस की मदद से, रोमांचक फ़िल्मी अंदाज़ में छह बदमाशों का पीछा किया और उन्हें पकड़ लिया। डोंबिवली लाकर, गिरोह ने आकाश सिंह की हत्या की बात कबूल कर ली। घटना के सिर्फ़ 24 घंटे के अंदर सभी छह हत्यारों को पकड़ने वाली टीम की ज़िला शहर पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे समेत वरिष्ठ अधिकारियों ने सराहना की है।



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास

संपादकीय

## महिलाओं ने संभाली लोकतंत्र की कमान

बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार अब तक का सर्वाधिक मतदान हुआ है। इसके साथ ही जो सुखद तस्वीर सामने आई, वह है लोकतंत्र के इस पर्व में महिला मतदाताओं की बढ़-चढ़ कर भागीदारी। यह न केवल महिलाओं की दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाता है, बल्कि समाज में जागरूकता का संदेश भी देता है। राज्य की महिलाओं ने यह साबित कर दिया कि वे अपनी तमाम व्यस्तताओं के बावजूद लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपने अधिकारों और कर्तव्य के प्रति सजग हैं। इसी का नतीजा है कि राज्य के अब तक के चुनावी इतिहास में इस बार महिलाएं मतदान में पुरुषों से कहीं आगे रहीं।

चुनाव आयोग के मुताबिक, पहले चरण में 61.56 फीसद पुरुषों के मुकाबले 69.04 फीसद महिलाओं ने मतदान किया। यह सिलसिला दूसरे चरण में भी जारी रहा और 64.01 फीसद पुरुषों के मुकाबले महिलाओं का मतदान 74.03 फीसद रहा। यह परिदृश्य राजनीति और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की सशक्त होती भूमिका को रेखांकित करता है।

बिहार में महिलाएं कई स्तरों पर जागरूक हुई हैं। उनका दायरा अब घरों तक सीमित नहीं है। मतदान के प्रति महिलाओं का बढ़ता उत्साह इस बात का प्रमाण है कि वे देश और राज्य की समस्याओं से अवगत हैं और उन्हें दूर करने में वे अपनी भूमिका सुनिश्चित करना चाहती हैं। महिलाओं में आई इस सजगता को इस रूप में भी महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है कि वे अपने मत की अहमियत को जानने एवं समझाने लगी हैं।

हालांकि महिलाओं का मतदान फीसद बढ़ने के पीछे पुरुषों का रोजगार के लिए दूसरे राज्य में पलायन भी एक कारक हो सकता है, लेकिन यह भी सच है कि सरकार चुनने के निर्णय में महिलाएं बराबर की भागीदार बनना चाहती हैं। बिहार की महिलाओं ने इस बार मतदान में बढ़चढ़कर भाग लेकर जो मिसाले पेश की है, वह पूरे देश के लिए एक बड़ा संदेश है। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक मोर्चे पर भी महिलाएं अपना कौशल दिखाना चाहती हैं। उनकी इस इच्छाशक्ति को समझने और सम्मान देने की जरूरत है।

# विचार : शीघ्र लागू की जाएं चारों श्रम संहिताएं

भारत के कार्यबल को ऐसे औपचारिक रोजगार में तेजी से जगह मिलनी चाहिए, जहां उचित वेतन और व्यापक सामाजिक सुरक्षा मिले, जिससे विकास के लाभ से सभी को सुरक्षित और सम्मानजनक आजीविका प्राप्त हो। पुराने श्रम नियमों के बने रहने से गुणवत्तापूर्ण रोजगार देने की उद्यमों की क्षमता आंशिक रूप से प्रभावित हुई। इसी के आलोक में राष्ट्रीय श्रम आयोग ने श्रम सुधारों की जो कल्पना की, वह काफी समय से लंबित थी। इन्हें 2019 और 2020 के बीच संसद द्वारा चार श्रम संहिताओं के रूप में पारित किया गया।

ये संहिताएं देश के श्रम परिदृश्य को आधुनिक बनाने और संरचनात्मक असंतुलनों को दूर करने के लिए एक व्यापक ढांचा प्रदान करती हैं। दशकों पुराने 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को सरल और आधुनिक बनाते हुए चार नई श्रम संहिताओं के निर्माण का उद्देश्य न केवल कानूनों को एकीकृत स्वरूप प्रदान करना है, बल्कि काम को अधिक निष्पक्ष, सुरक्षित और उत्पादक बनाना है।



मजदूरी संहिता, 2019 यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है कि प्रत्येक श्रमिक को श्रम की गरिमा का सम्मान करने वाला न्यूनतम वेतन मिले। पहले न्यूनतम वेतन केवल निर्धारित व्यवसायों तक ही सीमित था, लेकिन अब इसे सभी क्षेत्रों और संगठित और असंगठित के समस्त श्रमिकों पर लागू कर दिया गया है। यह न्यूनतम वेतन का सार्वभौमीकरण श्रमिकों को कानूनी रूप से बुनियादी वेतन का अधिकार देता है। इसके साथ ही पहली बार एक राष्ट्रीय आधार वेतन (फ्लोर वेज) की व्यवस्था की गई है, जिसे केंद्र सरकार जीवन स्तर और क्षेत्रीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर तय करेगी। कोई भी राज्य इससे कम न्यूनतम वेतन नहीं तय कर सकेगा। इससे राज्यों के बीच वेतन असमानता भी घटेगी और देशभर के श्रमिकों को समान अवसर मिलेगा। संहिता यह भी सुनिश्चित करती है कि वेतन की समीक्षा नियमित रूप से हो, ताकि बदलती आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप श्रमिकों की आय प्रासंगिक बनी रहे। इस संहिता के तहत विवादों में प्रमाण प्रस्तुत करने का भार नियोक्ता पर होगा, जिससे उनकी जवाबदेही बढ़ेगी।

सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 स्वतंत्र भारत में जन कल्याण के सबसे समावेशी विस्तारों में से एक है। कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम और प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम सहित नौ प्रमुख कानूनों को मिला कर यह एक एकीकृत प्रणाली स्थापित करती है, जो पारंपरिक और नए, दोनों प्रकार के कार्यों को कवर करती है। व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशाएं संहिता, 2020 राष्ट्र का निर्माण करने वालों के प्रति देखभाल और जिम्मेदारी का एक संदेश है। प्रतिष्ठान की परिभाषा को व्यापक बनाकर यह संहिता उन लाखों लोगों को सुरक्षा प्रदान करती है, जो पहले सुरक्षा कानूनों के दायरे में नहीं आते थे। प्रत्येक कर्मचारी को अनिवार्य रूप से निर्धारित प्रारूप में नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा, जिसमें कर्मचारी का विवरण, पदनाम, श्रेणी, वेतन का ब्यौरा तथा सामाजिक सुरक्षा से संबंधित विवरण सम्मिलित होंगे। व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशाएं संहिता, 2020 श्रमिकों के लिए निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच अनिवार्य करती है और नियोक्ताओं से अपेक्षा करती है कि वे इस मद में कर्मचारियों पर कोई वित्तीय बोझ न डालें और सुरक्षित एवं स्वच्छ कार्यस्थल बनाए रखें। यह संहिता लैंगिक समानता की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रगति करती है। यह महिला श्रमिकों को सभी प्रतिष्ठानों और रात्रि पाली में काम करने की अनुमति देती है।

औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 तीन पुराने अधिनियमों को एकीकृत ढांचे में मिला करके नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच संबंधों में स्पष्टता लाती है। इसमें बीस या उससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों को शिकायत निवारण समितियां गठित करने का प्रविधान है, ताकि विवादों का शीघ्रता से समाधान हो जाए तथा हड़ताल या मुकदमेबाजी की स्थिति न बने। इस संहिता के तहत छंटनी का सामना कर रहे श्रमिक अब 30 दिन का नोटिस और पर्याप्त मुआवजा पाने के हकदार हैं। यह एक मानवीय सुधार है, जो आजीविका सुरक्षा का सम्मान करता है।





जिस प्रकार एक मछली सागर के बिना नहीं जी सकती,
उसी प्रकार आत्मा भी परमात्मा के बिना नहीं जी सकती।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# जलवायु संकट की भयावह तस्वीर

एक तरफ जलवायु परिवर्तन से उपजा संकट लगातार बढ़ रहा है, तो दूसरी ओर इससे निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर प्रयासों की गति धीमी पड़ रही है। दुनिया भर में हो रहे नए-नए अध्ययन और वैज्ञानिक शोध चेतावनी देते रहे हैं कि अगर समय रहते इस दिशा में प्रभावी उपाय नहीं किए गए, तो निकट भविष्य में इसके परिणाम भयावह हो सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों से जलवायु परिवर्तन का भारत समेत पूरी दुनिया में प्रभाव साफ दिखने लगा है।

ब्राजील के बेलेम में आयोजित काप 30 सम्मेलन में बुधवार को जारी 'जलवायु जोखिम सूचकांक-2026' की रपट में कहा गया है कि जलवायु आपदाओं से सबसे अधिक प्रभावित देशों में भारत नौवें स्थान पर है। पिछले तीन दशकों में देश में जलवायु आपदाओं के कारण करीब अस्सी हजार लोगों की जान जा चुकी है। सरकार की ओर से इस संकट से निपटने को लेकर किए जा रहे दावों के बीच ये आंकड़े वास्तव में चिंताजनक है। इससे एक बात तो स्पष्ट है कि सरकारी प्रयासों को अभी और व्यापक करने तथा उन्हें गति देने की जरूरत है।

रपट के मुताबिक, जलवायु आपदाओं से वर्ष 1995 से 2024 तक लगभग 170 अरब अमेरिकी डालर का आर्थिक नुकसान हुआ है। जान-माल का सबसे ज्यादा नुकसान बाढ़, चक्रवात, सूखा और तेज गर्मी के कारण हुआ है। इसके पीछे बढ़ता वैश्विक ताप भी एक बड़ा कारक है, जो जलवायु परिवर्तन का ही नतीजा है। भारत में यह स्थिति निरंतर खतरे का संकेत दे रही है, क्योंकि बार-बार होने वाली मौसमी आपदाओं से जहां विकास की गति कमजोर होती है, वहीं आम लोगों की आजीविका भी प्रभावित होती है।



रपट में कहा गया है कि पिछले वर्ष भारत में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ से अस्सी लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए। हालांकि, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने, कार्बन उत्सर्जन कम करने और वन आवरण बढ़ाने जैसे कई कदम उठाए हैं, लेकिन इन्हें जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से अमल में लाने की जरूरत है।

अगर वैश्विक स्तर पर बात करें, तो पिछले तीन दशकों में नौ हजार से अधिक मौसमी आपदाओं ने आठ लाख से ज्यादा लोगों की जिंदगी लील ली है। यह बात छिपी नहीं है कि जलवायु परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर उन्हीं विकासशील देशों को झेलना पड़ रहा है, जिनकी वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में भागीदारी सबसे कम है।

विकासशील देश कमजोर सहन क्षमता और अनुकूलन के सीमित संसाधनों के कारण ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। भारत सहित कई विकासशील देशों में जलवायु आपदाएं सामान्य स्थिति बनती जा रही हैं, जिसके लिए तत्काल और व्यापक वित्त पोषित अनुकूलन उपायों की जरूरत है।

यह जगजाहिर है कि कार्बन उत्सर्जन के मामले में विकसित देशों का योगदान सबसे ज्यादा है, इसलिए अनुकूलन उपायों को लेकर उनकी जिम्मेदारी भी अधिक होनी चाहिए। उनकी भूमिका सिर्फ वित्तीय सहायता और तकनीकी सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें कार्बन उत्सर्जन में कमी और कमजोर देशों के अनुकूलन प्रयासों का समर्थन करना भी शामिल है।

# वाराणसी की सड़कों पर जब गोरिल्ला ने लगाए ठुमके

सोशल मीडिया पर कब क्या देखने को मिल जाए, कभी भी इसका अंदाजा कोई नहीं लगा सकता है. आप अगर सोशल मीडिया पर हैं और

**जरा हट के**

हर दिन कुछ देर भी एक्टिव रहते हैं तो फिर कई सारे वीडियो आप देखते होंगे. सोशल मीडिया पर कभी जुगाड़ का वीडियो वायरल होता है तो कभी स्टंट करते हुए लोगों के वीडियो वायरल होते हैं. कभी ड्रामा और अतरंगी हरकत के वीडियो वायरल होते हैं तो कई बार बच्चों के गजब डांस के वीडियो वायरल होते हैं. इसके अलावा भी खूब सारे वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते हैं. ऐसा ही एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें एक गोरिल्ला वाराणसी की सड़कों पर लोगों के साथ मस्ती करता हुआ नजर आ रहा है. उसने ऐसे ठुमके लगाए देखकर शायद आप भी अपनी हंसी रोक नहीं पाएंगे.



सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर manmauji_event_planner नाम के एक अकाउंट से गोरिल्ला की कई वीडियो शेयर की गई हैं. कभी ये विशाल गोरिल्ला शादियों में कमर मटकाते दिखता तो कभी किसी मंदिर में नाचते दिखता. अब ये काशी की गलियों में ठुमके लगाकर लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है. इसी का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो पर जमकर लोग प्रतिक्रिया दे रहे हैं. सबसे मजेदार बात यह है कि जिस पेज से यह वीडियो शेयर की गई है. उसने अपना नंबर भी दिया है. साथ ही गोरिल्ला को नचवाने की कीमत भी साझा की है. गोरिल्ला की कीमत सुनकर हर कोई दंग है. मनमौजी इवेंट प्लानर ने लिखा कि अगर किसी भी इवेंट के लिए गोरिल्ला चाहिए तो बस 5100 रुपये देने होंगे. इस पर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई. एक यूजर ने कहा कि 5100 रुपये? वो भी मात्र? वहीं एक ने कहा कि भईया ठीक ठीक लगा लो. एक ने मजे लेते हुए कहा कि इतने में तो असली वाला आने को बोल रहा है. काम मंदा है जंगल में उसका.




दिन की शुरुआत पोहे के साथ करना कई लोग पसंद करते हैं। यह खाने में तो स्वादिष्ट होता ही है, लेकिन साथ ही साथ यह प्रोटीन, फाइबर और कार्ब्स से भी भरपूर होता है। आसानी से पच जाने वाले इस नाश्ते को आपने भी कई बार किया होगा, लेकिन आज हम आपके लिए इसकी एस स्पेशल रेसिपी लेकर आए हैं, जिसे बनाना सिर्फ 5 मिनट का काम है। यह है ड्राई फ्रूट पोहा, जो बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को खूब पसंद आने वाला है। आइए आपको बताते हैं इसे बनाने की आसान रेसिपी।

# ड्राई फ्रूट्स पोहा



**सामग्री :**

- पोहा- 200 ग्राम
- बादाम फ्लेक्स- 200 ग्राम
- प्याज- 450 ग्राम
- क्रैनबेरी- 100 ग्राम
- तेल- 1 चम्मच
- कढ़ी पत्ता- 8-10
- नारियल- कसा हुआ
- नमक- स्वादानुसार

**विधि :**

ड्राई फ्रूट्स पोहा बनाने के लिए सबसे पहले बादाम फ्लेक्स को पानी में 1 घंटे के लिए भिगो दें। इसके बाद एक कढ़ाई में तेल डालकर गर्म करें और इसमें राई, कढ़ी पत्ते और हरी मिर्च का छोंक दें। अब इसमें एक पानी से धुले हुए पोहे को डालें और साथ ही बादाम भी डाल दें। इसके बाद इसमें सभी मसालों को डालें और अच्छे से मिक्स कर लें। अब इसे थोड़ी देर पकाकर गैस को बंद कर दें, बस तैयार है आपका टेस्टी ड्राई फ्रूट्स पोहा। इसे क्रेनबेरी, हरा धनिया और कद्दूकस किए हुए नारियल से गार्निश करके सर्व करें।

# बच्चों को बनाना है 'सुपर कॉन्फिडेंट'?

## आज से ही शुरू कर दें ये 5 छोटे-छोटे काम

अगर आप चाहते हैं कि आपका बच्चा भीड़ में चमके, किशोरावस्था की मुश्किलों को डर के बजाय हिम्मत से पार करे और जीवन में जो चाहे वह हासिल करे, तो आपको उसकी जेब में पैसे नहीं, बल्कि अटूट आत्मविश्वास डालना होगा। जी हां, आत्मविश्वास सिर्फ एक अच्छी आदत नहीं है, यह सफलता का पहला और सबसे शक्तिशाली हथियार है। अच्छी खबर यह है कि 'सुपर कॉन्फिडेंस' कोई जादू नहीं, बल्कि परवरिश की 5 छोटी-छोटी आदतों का नतीजा है, जिन्हें आप आज से ही शुरू कर सकते हैं।

### उन्हें 'चुनने' का मौका दें

अपने बच्चों को छोटे-छोटे निर्णय खुद लेने दें। उदाहरण के लिए, उन्हें पूछें कि वे आज कौन-सी शर्ट पहनना चाहेंगे या नाश्ते में क्या खाना पसंद करेंगे।

जब बच्चे अपनी पसंद खुद चुनते हैं, तो उन्हें महसूस होता है कि उनकी राय मायने रखती है। यह 'निर्णय लेने की शक्ति' उनके आत्मविश्वास को धीरे-धीरे मजबूत करती है।

### उनकी कोशिश की तारीफ करें

अक्सर हम बच्चों की तारीफ उनके अच्छे ग्रेड या जीत के लिए करते हैं, लेकिन असली जादू तब होता है जब आप उनकी कोशिश की सराहना करते हैं। अगर वे किसी खेल में हार गए हैं या किसी विषय में कम मार्क्स आए हैं, तो भी कहें, 'तुमने बहुत मेहनत की, मुझे तुम पर गर्व है।' इससे वे हार से नहीं डरेंगे और अगली बार और भी ज्यादा प्रयास करेंगे।



### गलतियों को 'सीखने का मौका' मानें

गलतियां करना बिल्कुल सामान्य है। जब आपका बच्चा कुछ गलत करता है, तो उसे डांटने के बजाय, उसे समझाएं कि यह सीखने का एक हिस्सा है। उनसे पूछें, 'तुमने इस गलती से क्या सीखा?' जब बच्चे समझेंगे कि गलती का मतलब 'असफलता' नहीं है, बल्कि 'अगला कदम' है, तो वे नई चीजें आजमाने से नहीं हिचकिचाएंगे।

### घर के छोटे कामों में शामिल करें

बच्चों को अपनी उम्र के हिसाब से छोटे-छोटे काम करने की जिम्मेदारी दें- जैसे अपना खिलौना समेटना या अपनी पानी की बोतल भरना। जब वे इन कामों को सफलतापूर्वक पूरा करते हैं, तो उन्हें 'सक्षम' महसूस होता है। यह 'मैं यह कर सकता हूं' वाली भावना उनके आत्मविश्वास को आसमान तक पहुंचाती है।

### बिना शर्त प्यार और समय दें

सबसे जरूरी बात, बच्चों को हमेशा महसूस कराएं कि आपका प्यार किसी शर्त पर निर्भर नहीं करता। भले ही वे कक्षा में फेल हो जाएं या कोई खेल हार जाएं, उन्हें गले लगाएं और कहें, 'तुम मेरे लिए सबसे खास हो।' उनके साथ क्वालिटी टाइम बिताएं, उनकी बातें सुनें। एक सुरक्षित और प्यार भरा माहौल ही आत्मविश्वास की सबसे मजबूत नींव रखता है। अगर आप आज से ही ये 5 छोटे कदम उठाना शुरू कर देते हैं, तो आप देखेंगे कि आपका बच्चा न केवल 'सुपर कॉन्फिडेंट' बनेगा, बल्कि जीवन की हर राह पर निडर होकर आगे बढ़ेगा।

## आज का राशिफल

**मेष** : नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश लाभदायक रहेगा। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद से बचें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है।

**वृषभ** : व्यापार ठीक चलेगा। आय होगी। विवेक का प्रयोग करें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। विवाद से बचें। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा।

**मिथुन** : नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। प्रशंसा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रमाद न करें।

**कर्क** : व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम न लें। भाइयों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य कर पाएंगे।

**सिंह** : राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल रहेगा। शेयर मार्केट में जोखिम न लें। नौकरी में चैन रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। ध्यान रखें। तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा।

**कन्या** : व्यापार ठीक चलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग से हानि की आशंका है, सावधानी रखें। दूसरों के झगड़ों में हस्तक्षेप न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्षोभ होगा। फालतू की बातों पर ध्यान न दें।

**तुला** : राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा कार्य करने की योजना बन सकती है। कार्यसिद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। शत्रुओं का पराभव होगा।

**वृश्चिक** : प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यस्तता रहेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**धनु** : बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पारिवारिक मांगलिक कार्य हो सकता है। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। मेहनत का फल पूरा नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**मकर** : आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। शोक संदेश मिल सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा।

**कुंभ** : कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने के अवसर मिलेंगे। मेहनत सफल रहेगी। बिगड़े काम बनेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। समय की अनुकूलता का लाभ लें। धनार्जन होगा।

**मीन** : नए मित्र बनेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। कार्यों में गति आएगी। विवेक का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी। मित्रों के सहयोग से किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। पुराने संगी-साथी व रिश्तेदारों से मुलाकात होगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# एंटी-एजिंग तेल कम करेंगे झुर्रियां

### नेचुरल ग्लो से खिल उठेगा चेहरा

क्या आपने कभी सोचा है कि वक्त की सुई को थोड़ा धीमा कैसे किया जाए? जी हां, हम बात कर रहे हैं आपकी त्वचा की। आईने में दिखने वाली हल्की लकीरें या झुर्रियां हमें बताती हैं कि हमारी त्वचा को अब खास देखभाल की जरूरत है। महंगे क्रीम और ब्यूटी ट्रीटमेंट अपनी जगह हैं, लेकिन प्रकृति ने हमें ऐसे5 'गोल्डन ड्रॉप्स' दिए हैं, जो बिना किसी साइड इफेक्ट के आपकी त्वचा के लिए किसी जादू से कम नहीं हैं।

### रोजहिप सीड ऑयल

रोजहिप सीड ऑयल को 'नेचुरल रेटिनॉल' भी कहा जाता है। यह विटामिन-ए और विटामिन-सी से भरपूर होता है, जो त्वचा में कोलेजन के प्रोडक्शन को बढ़ाने में मदद करते हैं। कोलेजन ही वह प्रोटीन है जो आपकी त्वचा को कसाव देता है। रोजहिप ऑयल के नियमित इस्तेमाल से न केवल झुर्रियां कम होती हैं, बल्कि यह दाग-धब्बों और पिगमेंटेशन को हल्का करने में भी मददगार है।



### आर्गन ऑयल

मोरक्को से आने वाला आर्गन ऑयल, विटामिन-ई और जरूरी फैटी एसिड्स से भरा होता है। यह एक हल्का तेल है जो त्वचा में जल्दी समा जाता है और उसे चिपचिपा नहीं बनाता। यह ऑयल स्किन की इलास्टिसिटी को बढ़ाता है, जिससे त्वचा लटकी हुई महसूस नहीं होती। यह नमी को लॉक करके फाइन लाइन्स को भरने में मदद करता है और आपकी त्वचा को एक स्वस्थ चमक देता है।

### बादाम का तेल

बादाम का तेल सबसे आसानी से उपलब्ध होने वाले तेलों में से एक है और यह विटामिन-ई का बहुत अच्छा सोर्स भी है। विटामिन-ई एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है जो सूरज की हानिकारक किरणों और प्रदूषण से होने वाले त्वचा के नुकसान की मरम्मत करता है। इसे रोजाना रात में लगाने से आंखों के नीचे के काले घेरे भी हल्के होते हैं और झुर्रियों की गहराई कम होती है।

### जोजोबा ऑयल

जोजोबा ऑयल की बनावट हमारी त्वचा द्वारा प्राकृतिक रूप से बनने वाले सीबम के बहुत करीब होती है। इसलिए, यह हर स्किन टाइप, यहां तक कि ऑयली स्किन के लिए भी बेहतरीन है। यह त्वचा को बिना रोमछिद्रों को बंद किए हाइड्रेट करता है। त्वचा में सही नमी बनाए रखने से रूखापन दूर होता है, जो झुर्रियों का एक बड़ा कारण है।

# लीक करता कुकर कर सकता है बड़ा ब्लास्ट

कुकर लीक होने के कई छोटे-छोटे कारण होते हैं, जिन्हें आप घर बैठे ही ठीक कर सकते हैं. इसके लिए आपको किसी बड़े टूल की ज़रूरत नहीं पड़ती, बस थोड़ी समझदारी और कुछ देसी उपाय काम आ जाते हैं, अगर आप भी बार-बार कुकर के ढक्कन से गैस लीक होने की परेशानी झेलते हैं, तो अब टेंशन छोड़ दीजिए. यहां बताए गए ये आसान देसी ट्रिक आपके कुकर को दोबारा पहले जैसा बना देंगे.

### कुकर को एक चौथाई खाली रखें

अक्सर लोग कुकर को खाना पकाने के चक्कर में पूरा भर देते हैं. इससे जब प्रेशर बनता है, तो गैस और पानी को निकलने की जगह नहीं मिलती और कुकर के किनारों या ढक्कन से लीक शुरू हो जाता है. इसलिए ध्यान रखें कि कुकर को हमेशा एक चौथाई हिस्सा खाली रखें. मतलब अगर 4 लीटर का कुकर है, तो सिर्फ 3 लीटर तक ही सामग्री डालें. इससे प्रेशर सही बनेगा और गैस बाहर नहीं निकलेगी. साथ ही, हर बार खाना पकाने के बाद कुकर को तुरंत साफ करें. स्टीम वाल्व (जहां से सीटी लगती है) को समय-समय पर साफ करते रहें. इसमें जरा भी गंदगी जम जाए तो गैस निकलने का रास्ता बदल जाता है और कुकर लीक करने लगता है.

### रबर बदलें, क्योंकि कसावट वहीं से आती है

कुकर की सीलिंग यानी रबर उसका सबसे अहम हिस्सा होती है. जब कुकर का ढक्कन बंद होता है तो वही रबर गैस को अंदर लॉक करती है ताकि प्रेशर सही बने, लेकिन बार-बार इस्तेमाल करने से ये रबर ढीली या सख्त हो जाती है, कुकर से सीटी नहीं लग रही या पानी बाहर निकल रहा है, तो समझ जाइए कि रबर ने जवाब दे दिया है. ऐसे में घबराने की ज़रूरत नहीं. किसी भी जनरल स्टोर या ऑनलाइन वेबसाइट से अपने कुकर के ब्रांड की नई रबर खरीद लीजिए. उसे ढक्कन में फिट करिए और कुकर को टेस्ट कर लीजिए. आप देखेंगे कि आपका कुकर पहले की तरह बिल्कुल फिट सील कर रहा है और गैस लीक होना बंद हो गया है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
शुक्रवार 14 नवंबर 2025



## खबरें गांव की...

### दुधमुंहे को चूल्हे की आग में जिंदा जलाकर मां ने लगाई फांसी, खौफनाक घटना से सनसनी

**सोनभद्र.** यूपी के सोनभद्र में दिल को दहला देने वाली वारदात सामने आई है। एक मां ने अपने दस माह के बेटे को चूल्हे में जल रही आग में जिंदा ही जलाकर मार डाला। इसके बाद खुद भी फांसी के फंदे पर लटकर जान दे दी है। घटना बभनी थाना क्षेत्र के आसनडीह ग्राम पंचायत के जोबेदह गांव में हुई। मायके में आई मां ने सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया है। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भिजवा दिया है। छत्तीसगढ़ के थाना बसंतपुर के डेंगरपानी गांव निवासी 28 वर्षीय राजपति पत्नी पतिराज बुधवार की सुबह अपने मायके जोबेदह गांव में आई थी। रात में खाना खाने के बाद सभी लोग सोने चले गए। राजपति अपने 10 माह के बेटे को लेकर एक कमरे में सोने चली गई। बड़ा बेटा अपने मामा के साथ सोने चला गया। जब सब लोग सो गए तो राजपति ने अपने दस माह के बेटे को जलते चूल्हे में डालकर जिंदा ही जला दिया। इसके बाद घर के अंदर बड़ेरे में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली।

### फिर हॉफ एनकाउंटर, पुलिस ने 10 हजार के इनामी को किया गिरफ्तार, साथी भी पकड़ा गया

**अम्बेडकरनगर.** यूपी के अम्बेडकरनगर में पुलिस मुठभेड़ के दौरान दस हजार रुपये का इनामी गोतस्कर शमशेर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने पैर में गोली मारकर गोतस्कर को घायल कर दिया। घायल अपराधी को पुलिस ने पकड़कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर में भर्ती कराया है, जबकि उसके एक अन्य साथी हर्षित चौबे को भी पुलिस ने मौके से घेरा बंदी कर गिरफ्तार कर लिया। एडिशनल एसपी श्याम देव ने बताया कि बुधवार रात पुलिस मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम झारखंडी बाबा तिराहे पर पहुंची तो वहां मौजूद अभियुक्त पुलिस को देख कर भागने लगे खुद को घिरता देख अभियुक्त ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायरिंग झोंक दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में इनामी गोतस्कर शमशेर अली पुत्र जान मोहम्मद उर्फ सन्नू उर्फ शान मोहम्मद निवासी ग्राम मझगवांथाना कादीपुर, जनपद सुल्तानपुर गोली लगने से घायल हो गया। मौके से अभियुक्त का एक साथी हर्षित चौबे पुत्र शिवप्रताप निवासी कैमासपुर थाना कादीपुर जनपद सुल्तानपुर को भी गिरफ्तार कर लिया गया। घायल अपराधी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां उस की स्थिति सामान्य है।

### घूसखोरी में बैंक मैनेजर को 5 साल की कैद और 50 हजार जुर्माना, सीबीआई कोर्ट का फैसला

**लखनऊ.** यूपी के लखनऊ में सीबीआई की विशेष अदालत ने अंबेडकर नगर बसखारी स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के तत्कालीन शाखा प्रबंधक रामस्वरूप मिश्रा को घूसखोरी के मामले में दोषी पाते हुए 5 साल की सश्रम कैद और 50 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। यह मामला वर्ष केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 7 मार्च 2017 को एक शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसे बैंक ऑफ बड़ौदा, बासखारी शाखा से "कामधेनु योजना" के तहत 20 लाख 25 हजार रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया था। ऋण की कुछ राशि उसके खाते में जमा भी हुई, लेकिन अचानक खाता संचालन रोक दिया गया। जब शिकायतकर्ता ने तत्कालीन शाखा प्रबंधक रामस्वरूप मिश्रा से कारण पूछा, तो उन्होंने खाते को चालू करने के लिए 30 हजार रुपये की घूस मांगी। इसके बाद में बातचीत के दौरान उन्होंने 25 हजार रुपये की रिश्वत राशि स्वीकार करने पर सहमति जताई।

# बिहार में 2010 चुनाव से भी ज्यादा सीटें जीतेगा NDA

- केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का बड़ा दावा



**नई दिल्ली.** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने गुरुवार को विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक पर भ्रष्ट नेताओं का कथित रूप से समर्थन करने का आरोप लगाया और बिहार विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत का विश्वास जताया। सिंह ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि गठबंधन 206 से ज्यादा सीटें जीतेगा, जो 2010 के विधानसभा चुनावों से भी बेहतर प्रदर्शन होगा क्योंकि लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास पर भरोसा जताया है।

उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक का हिस्सा राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव एक भ्रष्ट व्यक्ति हैं जो सिर्फ अपने परिवार के लिए जीते हैं, और इसलिए कोई भी व्यक्ति उन्हें वोट नहीं देना चाहेगा। सिंह ने एएनआई से कहा, ₹चाहे अखिलेश यादव हों, लालू यादव हों, तेजस्वी यादव हों या राहुल गांधी, बिहार में कोई इन लोगों को वोट क्यों देगा? लालू यादव जैसे भ्रष्ट व्यक्ति को कोई वोट क्यों देगा, जिसने अपना पूरा जीवन सिर्फ अपने परिवार के लिए जिया है? उन्होंने न तो गरीबों की मदद की और न ही यादवों की। इसीलिए बिहार की जनता ने नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास के लिए वोट दिया है।₹

भाजपा नेता ने एनडीए गठबंधन के 2010 से बेहतर प्रदर्शन पर भी भरोसा जताया और कहा, ₹हमने 2010 में 206 सीटें जीती थीं और हम उससे भी ज्यादा सीटें जीतेंगे।₹ 2010 में, नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले भाजपा गठबंधन ने 243 सीटों वाली विधानसभा में 203 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल किया था। जदयू ने 115 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा ने 91 सीटें जीती थीं। मौजूदा गठबंधन व्यवस्था में, जदयू और भाजपा दोनों ने 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ने पर सहमति जताई थी, जबकि बाकी सीटें अपने गठबंधन सहयोगियों को बांट दी थीं। 2015 में जेडी(यू) ने पुनः जनादेश हासिल करने के लिए कांग्रेस और आरजेडी के साथ गठबंधन किया।

# लद्दाख में चीन बॉर्डर से सटा न्योमा एयरबेस शुरू

- एयरफोर्स चीफ ने रनवे पर उतारा एयरक्रॉफ्ट
- 13000 फीट ऊंचाई पर बना
- 218 करोड़ लागत



लद्दाख के न्योमा स्थित मुध एयरबेस में बुधवार से ऑपरेशन शुरू हो गया। भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कल इसका उद्घाटन किया। उन्होंने खुद नोएडा के हिंडन एयरबेस से सी-130जे सुपर हरक्यूलिस (ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट) से उड़ान भरी और मुध-न्योमा एयरबेस में लैंडिंग की।

उनके साथ पश्चिमी वायु कमान प्रमुख एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा भी मौजूद थे। न्योमा एयरबेस 13,710 फीट की ऊंचाई पर स्थित दुनिया के सबसे ऊंचे एयरबेस में से एक है। यह चीन से सटी वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर है। इस एडवांस एयरबेस में 2.7 किलोमीटर का रनवे है।

यहां से लड़ाकू विमान, ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और हेलिकॉप्टर उड़ाने भर सकते हैं। इसे करीब ₹218 करोड़ की लागत से बनाया गया है। यहां से सैनिकों और हथियारों को तेजी से एक जगह से दूसरे जगह पहुंचाने में मदद मिलेगी। 'मुध-न्योमा' नाम बेस के पास स्थित मुध गांव से लिया गया है।

# बाराबंकी में विस्फोट 2 के उड़े चीथड़े

- दूर-दूर तक सुनाई दी धमाके की आवाज

**बाराबंकी.** यूपी के बाराबंकी जिले में गुरुवार दिन में एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट ने पूरे इलाके को दहला कर रख दिया। यह घटना टिकैतनगर थाना क्षेत्र के सराय बरई गांव में हुई, जब अचानक तेज धमाके की आवाज से पूरा गांव कांप उठा। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि इसकी आवाज दूर तक सुनी गई। घटना में दो लोगों के मौके पर ही मौत हो गई, जिनके शरीर के चिथड़े उड़ गए। धमाका इतना भयानक था कि आसपास के लोग दहशत में आ गए। मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही टिकैतनगर पुलिस, फायर ब्रिगेड की गाड़ियां और राहत दल मौके पर पहुंच गए। घायल व्यक्तियों को पास के अस्पताल भेजा गया है, जहां घायलों का इलाज चल रहा है। अधिकारियों का कहना है कि मरने वालों की संख्या बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि कई लोग गंभीर रूप से झुलसे हैं।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, धमाके के बाद भी छिटपुट विस्फोटों की आवाजें सुनाई दे रही हैं। आशंका जताई जा रही है कि घटना किसी आतिशबाज़ी सामग्री या बारूद के अवैध भंडारण से जुड़ी हो सकती है। फिलहाल पुलिस ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया है और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है।

# 'बड़े हमले की बात करता था उमर'

- डॉक्टर-मौलवी गिरफ्तार
- लाल किला ब्लास्ट मॉड्यूल का खुलासा

**नई दिल्ली.** दिल्ली के लाल किले के पास सोमवार शाम हुए धमाके से जुड़े आतंकी मॉड्यूल की परतें खुलने के साथ ही बुधवार को दिल्ली-एनसीआर में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया। जांच एजेंसियां एक लाल रंग की फोर्ड इकोस्पोर्ट कार की तलाश में थीं, जो अब मुख्य आरोपी डॉ. उमर नबी की बताई जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सभी थाना क्षेत्रों और सीमा चौकियों को वाहन की तलाश के निर्देश दिए गए थे। बाद में यह कार हरियाणा के फरीदाबाद जिले के खंडावली गांव में एक फार्महाउस से बरामद हुई। बताया जा रहा है कि यह कार उमर के एक दोस्त की है, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फिलहाल फॉरेंसिक और बैलिस्टिक विशेषज्ञों की टीम वाहन की जांच कर रही है।



जम्मू-कश्मीर में स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (SIA) ने इस आतंकी मॉड्यूल की जांच संभाल ली है। उमर नबी और गनाई दोनों पुलवामा के कोइल गांव के रहने वाले हैं और फरीदाबाद के अल-फलाह मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर में कार्यरत थे। जांच में अब तक दो और डॉक्टरों की गिरफ्तारी हुई है। डॉ. अदील मजीद राठर काजीगुंड के निवासी, जो सहारनपुर के एक निजी अस्पताल में कार्यरत थे। डॉ. शाहीन शाहिद अंसारी जो फरीदाबाद के उसी अस्पताल में कार्यरत थे और गनाई के संपर्क में थे। पुलिस का कहना है कि उमर और गनाई इस मॉड्यूल के मुख्य संचालक थे और दोनों कई महीनों से विस्फोटक सामग्री जमा कर रहे थे।

इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी एक रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से कहा है कि यह कार मुख्य रूप से डॉ. मुझामिल शकील गनाई के इस्तेमाल में थी। यह वही डॉक्टर है जिसकी गिरफ्तारी से उमर नबी बुरी तरह डर गया था। जांचकर्ताओं का मानना है कि गनाई की गिरफ्तारी के बाद उमर ने घबराकर विस्फोट को अंजाम दिया, क्योंकि उसे लगा कि अब गिरफ्तारी तय है। पुलिस ने डॉ. गनाई के फरीदाबाद के धौज गांव स्थित किराए के मकान से 358 किलो विस्फोटक (संभावित अमोनियम नाइट्रेट) बरामद किया है। जांच का एक बड़ा हिस्सा अब इस बात पर केंद्रित है कि इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक कहां और कैसे इकट्ठा किए गए।

# स्टेज पर दूल्हे को चाकू मारा

- ड्रोन कैमरे ने 2km तक हमलावर का पीछा किया
- वीडियो फुटेज में चेहरा-भागने का रास्ता कैद



**बडनेरा.** महाराष्ट्र के अमरावती जिले के बडनेरा कस्बे में शादी के रिसेप्शन स्टेज पर दूल्हे को उसके एक परिचित ने चाकू मार दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से भागने लगा, तो फंक्शन रिकॉर्ड कर रहे ड्रोन ऑपरेटर ने ड्रोन कैमरे से करीब 2 किलोमीटर तक उनका पीछा किया। घटना मंगलवार की है। पुलिस ने बुधवार को मामले की जानकारी दी। अब ड्रोन कैमरे से रिकॉर्ड किया वीडियो फुटेज आगे की जांच में पुलिस के लिए सबसे अहम माना जा रहा है। वीडियो में आरोपियों का चेहरा और उनके भागने का रास्ता साफ-साफ दिखाई दे रहा है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना 11 नवंबर की रात करीब 9:30 बजे हुई, जब 22 साल का सुजल राम समुद्र की शादी का रिसेप्शन फंक्शन चल रहा था। वीडियो फुटेज में दूल्हा-दुल्हन मंच पर खड़े दिखाई दे रहे हैं, तभी राघो जितेंद्र बख्शी नाम का आरोपी चुपचाप उनके पास आता है और अचानक दूल्हे पर चाकू से कई बार हमला करता है।

मंच पर खड़े लोग जब तक कुछ समझ पाते, तब तक हमलावर स्टेज से उतरकर भाग गया। कुछ लोग उसके पीछे दौड़े। हालांकि, कार्यक्रम स्थल के बाहर आरोपी का साथी बाइक पर उसका इंतजार कर रहा था। दोनों बाइक पर बैठे और फरार हो गए।

पुलिस जांच में सामने आया है कि लड़ाई की वजह डीजे डांस के दौरान हुई मामूली धक्का-मुक्की थी। इसी बात पर आरोपी बक्शी और दूल्हे के बीच बहस हुई और बाद में आरोपी ने हमला कर दिया।

# अदालत ने मुकुल रॉय की विधायकी रद्द की

- दल-बदल कानून के तहत फैसला
- 2021 में भाजपा से जीते फिर TMC जॉइन की थी

**कोलकाता.** कलकत्ता हाईकोर्ट ने गुरुवार को दलबदल विरोधी कानून के तहत तृणमूल कांग्रेस (TMC) के नेता मुकुल रॉय की पश्चिम बंगाल विधानसभा की सदस्यता रद्द कर दी। जस्टिस देबांगसु बसाक की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी और भाजपा विधायक अंबिका रॉय की याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए रॉय को राज्य विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया। रॉय मई 2021 में भाजपा के टिकट पर सदन के लिए चुने गए थे, लेकिन उसी साल अगस्त में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और TMC के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की उपस्थिति में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए।

### दल बदल कानून क्या है?



- 1967 में हरियाणा के विधायक गया लाल ने एक दिन में तीन बार पार्टी बदली। उसके बाद से राजनीति में आया राम-गया राम की कहावत मशहूर हो गई। पद और पैसे के लालच में होने वाले दल-बदल को रोकने के लिए राजीव गांधी सरकार 1985 में दल-बदल कानून लेकर आई।
- इसमें कहा गया कि अगर कोई विधायक या सांसद अपनी मर्जी से पार्टी की सदस्यता छोड़कर दूसरी पार्टी जॉइन कर लेता है तो वो दल-बदल कानून के तहत सदन से उसकी सदस्यता जा सकती है। अगर कोई सदस्य सदन में किसी मुद्दे पर मतदान के समय अपनी पार्टी के व्हिप का पालन नहीं करता है, तब भी उसकी सदस्यता जा सकती है।
- अगर किसी दल के कम से कम दो-तिहाई सदस्य किसी दूसरे दल में विलय के पक्ष में हों, तो यह दल बदल नहीं माना जाएगा। यह निर्णय लोकसभा अध्यक्ष या विधानसभा अध्यक्ष (या राज्यसभा के मामले में उपसभापति) लेते हैं। उनके निर्णय को न्यायिक समीक्षा के लिए अदालत में चुनौती दी जा सकती है।

# हिन्दुत्व की रक्षा के लिए बने 'सनातन धर्म परीक्षण बोर्ड'

- तिरुपति लड्डू घी विवाद के बीच डिप्टी CM की मांग



आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर में लड्डू (प्रसादम) में इस्तेमाल होने वाले कथित नकली घी विवाद के बीच राज्य के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने हिन्दुत्व और सनातन धर्म की रक्षा के लिए 'सनातन धर्म परीक्षण बोर्ड' की स्थापना का आह्वान किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर मंगलवार को साझा की गई एक पोस्ट में पवन कल्याण ने कहा कि सनातनियों की भावनाओं और प्रथाओं का मजाक उड़ाया जा रहा है और उन्हें कमतर आंका जा रहा है, इससे भक्तों का विश्वास कम हो रहा है।

उप-मुख्यमंत्री ने लिखा, 'वैश्विक हिंदू समुदाय के लिए, तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम एक तीर्थस्थल से कहीं बढ़कर है; यह एक पवित्र आध्यात्मिक प्रवास है। तिरुपति लड्डू सिर्फ एक मिठाई नहीं है; यह एक साझा भावना है। हम इसे दोस्तों, परिवार और अजनबियों के बीच समान रूप से बाँटते हैं, क्योंकि यह हमारी सामूहिक आस्था और गहन विश्वास का प्रतीक है।'

### सभी हितधारकों की सहमति से बने बोर्ड

सनातन धर्म के लिए एक संरक्षण निकाय की स्थापना का आह्वान करते हुए, उन्होंने कहा कि बोर्ड का गठन सभी हितधारकों की सहमति से किया जाना चाहिए। उन्होंने लिखा, 'हमारी आस्था की सुरक्षा और सम्मान से समझौता नहीं किया जा सकता। हमारा सनातन धर्म सबसे प्राचीन और निरंतर विकसित होती सभ्यताओं में से एक है, और अब समय आ गया है कि हम सभी हितधारकों की सहमति से सनातन धर्म परीक्षण बोर्ड की स्थापना करें।'

### सालाना 2.5 करोड़ भक्त तिरुमाला आते हैं

उन्होंने आगे लिखा, 'औसतन, हर साल लगभग 2 .5 करोड़ भक्त तिरुमाला आते हैं और जब सनातनियों की भावनाओं और प्रथाओं का मजाक उड़ाया जाता है या उन्हें कमतर आंका जाता है, तो यह न केवल आहत करने वाला होता है; बल्कि यह दुनिया भर के लाखों लोगों के विश्वास और श्रद्धा को भी चकनाचूर कर देता है। धर्मनिरपेक्षता दोतरफा होनी चाहिए।'

# लॉस एंजेलिस 2028 ओलिंपिक का शेड्यूल जारी



- क्रिकेट का फाइनल 29 जुलाई को
- पहली बार पुरुषों से ज्यादा महिलाएं खेलेंगी

लॉस एंजेलिस 2028 ओलिंपिक का पूरा शेड्यूल जारी कर दिया है। टूर्नामेंट की शुरुआत 14 जुलाई से होगी। क्रिकेट की 100 साल बाल ओलिंपिक में वापसी हो रही है। इस गेम के सभी इवेंट की शुरुआत 12 जुलाई से ही हो जाएगी। फाइनल 29 जुलाई को खेला जाएगा।

LA28 के CEO रेनॉल्ड हूवर ने कहा- जनवरी 2026 में टिकट रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। यह सही समय है यह तय करने का कि आप कौन-से मुकाबले देखना चाहते हैं, कौन-से खेल आपके शहर में होंगे और कौन-से ऐतिहासिक पल आप मिस नहीं करना चाहेंगे।

लॉस एंजेलिस 2028 अब तक का सबसे बड़ा ओलिंपिक होगा। इसमें 36 अलग-अलग गेम खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के लिए 49 वेन्यू और 18 जोन (लॉस एंजेलिस और ओक्लाहोमा सिटी में) डिसाइड किए गए हैं। ओपनिंग सेरेमनी 14 जुलाई और क्लोजिंग सेरेमनी 30 जुलाई को होगी।

### कुल खिलाड़ियों में 50.5% महिलाएं होंगी

ओलिंपिक इतिहास में पहली बार हर टीम स्पोर्ट में महिलाओं की टीमें पुरुषों के बराबर या उससे ज्यादा होंगी। कुल खिलाड़ियों में 50.5% महिलाएं होंगी। यह अब तक का सबसे बड़ा महिला प्रतिनिधित्व होगा।

### पहला दिन पूरी तरह महिलाओं के नाम रहेगा

ओलिंपिक के पहले दिन महिला ट्रायथलॉन, 100 मीटर और शॉटपुट (एथलेटिक्स), जूडो (48 किग्रा), फेंसिंग, कयाक सिंगल, रग्बी सेवन और 10 मीटर एयर राइफल जैसे इवेंट्स में गोल्ड मेडल तय होंगे।

# आतंकी की गर्लफ्रेंड बनी डॉ. शाहीन ने तोड़ लिए थे परिवार से रिश्ते

- बच्चे को भी नहीं रखती थी साथ



**नई दिल्ली.** दिल्ली ब्लास्ट के बाद आतंकी गतिविधियों के आरोप में फरीदाबाद से गिरफ्तार डॉ. शाहीन का निजी जीवन भी बहुत अच्छा नहीं गुजरा। आतंकी की गर्लफ्रेंड बनी डॉ. शाहीन का शादी के 10 वर्ष बाद उसका तलाक हो गया था। बच्चे भी उसके साथ नहीं रहते। यह खुलासा उसे छोटे भाई शोएब अंसारी ने किए हैं।

लालबाग क्षेत्र के खंधारी लेन स्थित डॉ. शाहीन और उसके भाई डॉ परवेज अंसारी के पैतृक आवास पर बुधवार को भी हलचल तेज थी। यहां उसके पिता मो. शाहिद और छोटे भाई शोएब का परिवार रहता है। कई बार आवाज देने के बाद घर से निकले शोएब ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि शाहीन से मुलाकात हुए जमाना गुजर गया। घरेलू विवाद (भाई-बहन के बीच होने वाले झगड़ों) के चलते शाहीन ने परिवार से नाता तोड़ लिया था। उसका आना-जाना और बातचीत बिलकुल बंद थी। हमको यह भी नहीं पता था कि वह फरीदाबाद में रहती है। मीडिया में गिरफ्तारी के बाद जानकारी हुई कि वह कहां रहती है और किसी गलत गतिविधि में शामिल होने का आरोप लगा है।

शोएब ने बताया कि डॉ. शाहीन की शादी 2003 में हुई थी और विवाद के चलते 2013 में तलाक हो गया था। उसके दो बच्चे भी हैं, जो पिता के पास रहते हैं। यह पता है कि शाहीन डॉक्टर है। उन्होंने यह सवाल टाल दिया कि शादी कहां और किसके साथ हुई थी।

### अगर गलत किया है तो सजा मिलनी चाहिए

डॉ. परवेज के भाई शोएब ने कहा कि जिस देश में हम रहते हैं, उसके खिलाफ किसी को कभी गलत नहीं सोचना चाहिए। अगर परवेज व शाहीन ने गलत किया तो उन्हें सजा मिलनी चाहिए। हालांकि शोएब ने कहा कि शाहीन से तो चार साल से बात नहीं हुई है पर परवेज से तो अक्सर बात होती थी। सात दिन पहले ही उससे मोबाइल पर हालचाल हुई थी। कभी ऐसा नहीं लगा कि उनका भाई कुछ गलत कर सकता है। शोएब ने कहा कि उन्हें अभी भी विश्वास है कि भाई व बहन देश के खिलाफ किसी भी षडयंत्र में शामिल नहीं हो सकते है। शोएब के पिता शाहिद सईद अंसारी ने भी मंगलवार को कहा था कि उनकी बेटी व बेटा ऐसा नहीं कर सकते हैं।

# देश में 6 करोड़ मृतकों के आधार कार्ड एक्टिव

- पश्चिम बंगाल में 34 लाख ID धारक अब जिंदा नहीं
- UIDAI ने सर्वे शुरू किया

**कोलकाता.** देश में जनवरी 2009 में आधार कार्ड लागू हुआ था। हर नागरिक को आधार नंबर जारी करने की शुरुआत के 15 साल हो चुके हैं। इस दौरान 142 करोड़ से अधिक आधार कार्ड जारी हुए, लेकिन 8 करोड़ से ज्यादा धारकों की मौत के बावजूद 1.83 करोड़ कार्ड ही निष्क्रिय हो पाए हैं।

करीब 6 करोड़ मृतकों के आधार अभी सक्रिय हैं। पश्चिम बंगाल में लगभग 34 लाख आधार कार्ड धारकों की मौत हो चुकी है। हालांकि, उनके आधार कार्ड अब भी एक्टिव हैं। इससे बैंक फ्रॉड, फर्जी खातों और सरकारी योजनाओं के लाभ में गड़बड़ी जैसी आशंकाएं बढ़ गई हैं।

यूनीक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी UIDAI के CEO भुवनेश कुमार के मुताबिक भारत के महापंजीयक (RGI) से अब तक UIDAI को 1.55 करोड़ मृतकों का डेटा मिला है। नवंबर 2024 से सितंबर 2025 के बीच 38 लाख और मृतकों की सूची जुड़ी।

इनमें 1.17 करोड़ की पहचान पुष्ट हुई है और उनके आधार कार्ड निष्क्रिय कर दिए गए हैं। प्राधिकरण का अनुमान है कि दिसंबर तक 2 करोड़ कार्ड निष्क्रिय हो जाएंगे। UIDAI ने चार महीने पहले वेबसाइट पर मृत्यु सूचना पोर्टल शुरू किया ताकि परिजन मृतक का आधार ऑनलाइन निष्क्रिय करा सकें। अब तक केवल 3,000 लोगों ने यह जानकारी दर्ज की है, जिनमें से 500 मामलों में ही पुष्टि हो सकी और उनके कार्ड निष्क्रिय किए गए हैं।

### मृत्यु का पंजीकरण अब भी बेहद कैजुअल है...

भुवनेश कुमार ने कहा, आधार की शुरुआत 2010 में हुई। वहीं, 2016 के बाद से करीब 8 करोड़ आधार धारकों की मृत्यु का अनुमान है। सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम से केवल 25 राज्यों के आंकड़े मिलते हैं। बाकी राज्यों से डेटा जुटाने का काम जारी है।

उन्होंने आगे बताया कि जब आधार जारी होना शुरू हुआ तो देश में सालाना मौतें करीब 56 लाख थीं। बढ़ते-बढ़ते आंकड़ा 85 लाख पहुंच गया। इसलिए हम 2016 से अब तक आठ करोड़ मौत मान रहे हैं। मृत्यु का पंजीकरण अब भी बेहद कैजुअल है।

## आम सूचना

मैं श्रीमती वैशाली अर्जुन वाघमारे सभी को सूचित कर रही हूं कि रूम, भैयासाहेब आंबेडकर नगर, बजरंग आईस फैक्ट्री के पास, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 19बीओ018160300) उक्त प्रॉपर्टी श्री संजय बापू सरोदे उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 12.11.2025 सी.नं. 3740/2025 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती वैशाली अर्जुन वाघमारे**

## आम सूचना

मैं श्री मनोज संतोष वाघ सभी को सूचित कर रहा हूं कि रूम, भोसले चाल के पास, दत्तवाडी, डॉ गोपाल हॉस्पिटल के पास में , शिव रोड, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 07एओ017856500) उक्त प्रॉपर्टी श्री जयंतीलाल आनंदराव मोरे उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 12.11.2025 सी.नं. 3730/2025 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री मनोज संतोष वाघ**

## संक्षेप...

### दो मज़दूरों की दम घुटने से मौत

**मुंबई.** पवई की एक इमारत में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से जुड़े कीचड़ से भरे टैंक की सफाई के लिए नियुक्त दो मज़दूरों की दम घुटने से मौत हो गई, जिससे 22 वर्षीय अक्षय मंडल की मौत हो गई और 27 वर्षीय फूलचंद कुमार साहू की हालत गंभीर है और उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया है। पवई की एक इमारत में कीचड़ से भरे एसटीपी टैंक में दम घुटने से एक की मौत, एक की हालत गंभीर है. दमकल विभाग ने दावा किया है कि बंद जगह में ऑक्सीजन की कमी के कारण मज़दूरों का दम घुट गया.

# रिश्वतकांड में मुंबई के जज और क्लर्क पर केस

- **जमीन विवाद में फैसला फेवर में सुनाने के लिए 25 लाख मांगे**
- **क्लर्क 15 लाख लेते पकड़ा गया**

**मुंबई.** मुंबई के मझगांव सिविल सेशंस कोर्ट से जुड़ा एक रिश्वतकांड का मामला सामने आया है। ये पूरा वाकया मंगलवार का है, जब कोर्ट के क्लर्क और टाइपिस्ट चंद्रकांत वासुदेव (40) को ₹15 लाख रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया।

एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) के अनुसार शिकायतकर्ता ने 10 नवंबर को फैसला पक्ष में सुनाने के लिए ₹25 लाख की रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। PTI न्यूज एजेंसी ने बताया कि ACB ने सिविल सेशंस कोर्ट के जज को भी आरोपी बनाया है।

### 10 साल पुराने मामले को समझें

शिकायतकर्ता की पत्नी ने 2015 में कंपनी की जमीन पर कब्जे को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। अप्रैल 2016 में



हाईकोर्ट ने विवादित जमीन पर किसी तीसरे पक्ष को अधिकार देने पर रोक लगा दी थी। क्योंकि जमीन की कीमत 10 करोड़ रुपये से कम थी, इसलिए 2024 में मामला माजगांव सिविल सेशंस कोर्ट में भेज दिया गया। इस साल 9 सितंबर को सुनवाई के बाद वासुदेव ने शिकायतकर्ता को फोन कर रिश्वत की बात बताई। उसने 12 सितंबर को चेंबूर में मुलाकात तय की, जहां फिर से ₹25 लाख की रिश्वत मांगकर उसके पक्ष में फैसला दिलाने का भरोसा दिया। उसने बताया कि जज की तरफ से वह बात कर रहा है। ₹25 लाख में से ₹10 लाख खुद के लिए और ₹15 लाख जज के लिए मांगे। शिकायतकर्ता ने रिश्वत देने से इनकार कर दिया, लेकिन क्लर्क बार-बार कॉल कर दबाव डालता रहा।

### कॉफी शॉप में 15 लाख लेते पकड़ा गया क्लर्क

10 नवंबर को शिकायतकर्ता ने ACB के वर्ली कार्यालय में क्लर्क की रिश्वत मांगने की शिकायत की। उसी दिन, ACB के निर्देशानुसार, शिकायतकर्ता ने बातचीत करके रकम ₹15 लाख पर लाकर जल्द ही मिलने का फैसला किया। जांच में यह साबित हो गया कि वासुदेव ₹15 लाख लेने को तैयार था। इसके बाद 12 नवंबर को ACB ने चेंबूर के उसी स्टारबक्स कैफे में जाल बिछाया और क्लर्क को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद वासुदेव ने जज को फोन कर बताया कि रकम मिल गई है। ACB ने इस बातचीत को रिकॉर्ड किया और उसके आधार पर जज को भी आरोपी बनाया। दोनों पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7, 7(ए) और 12 के तहत केस दर्ज किया गया है। ACB अधिकारियों ने बताया कि जज की गिरफ्तारी के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश से अनुमति मांगी गई है और फिलहाल मंजूरी का इंतजार है। वहीं, गिरफ्तार क्लर्क को बुधवार को ACB अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 16 नवंबर तक ACB की हिरासत में भेज दिया गया।

### ठाणे के नए जिला सरकारी अस्पताल के निर्माण स्थल का

# स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने किया दौरा

**ठाणे.** अस्पताल केवल एक इमारत नहीं है, यह मानवता की सेवा और करुणा का आधार है। ठाणे का यह नया जिला सरकारी अस्पताल आने वाली पीढ़ियों के लिए आशा की किरण बनेगा, ऐसा महाराष्ट्र के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री प्रकाश आबिटकर ने कहा। राज्य के जन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री प्रकाश आबिटकर ने ठाणे जिला सरकारी अस्पताल के नए भवन के निर्माण स्थल का दौरा किया और उसका निरीक्षण किया। वे इस अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने बाह्य रोगी विभाग, दुर्घटना विभाग, एमआरआई विभाग, सोनोग्राफी, सीटी स्कैन, एक्स-रे, मैमोग्राफी,



अंतःरोगी विभाग, प्रसूति विभाग, मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, हेलीपैड, पार्किंग भवन, नर्स प्रशिक्षण केंद्र, छात्रावास और मुख्य अस्पताल भवन में छात्रावास भवन का निरीक्षण किया। इस निर्माण का क्षेत्रफल 92 हजार 539.00 वर्ग मीटर है। स्वास्थ्य मंत्री आबिटकर ने निरीक्षण के दौरान नए अस्पताल का 87 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा होते देख संतोष व्यक्त किया।

इस अस्पताल की क्षमता 900 बेड की है और इसमें 500 बेड वाला सामान्य अस्पताल, 200 बेड वाला महिला-बाल अस्पताल और 200 बेड वाला रेफरल सेवा अस्पताल के साथ-साथ एक हेलीपैड, नर्स प्रशिक्षण केंद्र, छात्रावास, पार्किंग और अत्याधुनिक आईसीयू सुविधाएं शामिल हैं। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए इस अस्पताल में नवजात शिशुओं के लिए आधुनिक आई.सी.यू. और आधुनिक एन.आई.सी.यू. की व्यवस्था होगी। तथा एस.एन.सी.यू. और अन्य जरूरतमंद मरीजों के लिए, टीसीयू, आई.सी.यू., एन.आर.सी., मनोरोग, रक्त विकार और अस्पताल की अन्य आवश्यक सुविधाएं सुपर स्पेशियलिटी 200 बेड वाले अस्पताल में चालू रहेंगी इस अस्पताल में स्कैन और कीमोथेरेपी रेडिएशन थेरेपी उपलब्ध है।

इस दौरे के दौरान विशेष कर्तव्य अधिकारी डॉ. ए.एम. देवमाने, डॉ. अमोल भोर, स्वास्थ्य सेवाओं की संयुक्त निदेशक डॉ. सुनीता गोल्हेट, स्वास्थ्य सेवाओं के उप निदेशक एम.एम. ठाणे डॉ. अशोक नंदापुरकर, ठाणे लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक अभियंता सिद्धार्थ तांबे, ठाणे जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर पारगे, ठाणे 1 के कार्यकारी अभियंता सचिन पाटिल, जिला मनोरोग अस्पताल के डीन डॉ. नेताजी मुलिक, कोकाटे, हर्ष कंस्ट्रक्शन के अनिल बिरारी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आयोग ने 'पिपानी' चुनाव चिह्न हटाया

- **शरद पवार की एनसीपी को राहत**
- **तुतारी, मशाल बरकरार,**
- **राज्य में 435 दल चुनाव के लिए पात्र**

**मुंबई.** लोकसभा और विधानसभा चुनावों की तरह, स्थानीय निकाय चुनावों में भी मशाल और तुरही बजाते आदमी के चुनाव चिह्न बरकरार रखे गए हैं। गौरतलब है कि आयोग ने पिछले लोकसभा चुनावों में निर्दलीय उम्मीदवारों को दिया गया पिपानी चुनाव चिह्न हटा दिया है।

राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों की पृष्ठभूमि में, राज्य चुनाव आयोग ने मंगलवार को राज्य के 435 पात्र राजनीतिक दलों की आधिकारिक सूची जारी की।

राजपत्र में जारी सूची में 5 राष्ट्रीय दल, 5 राज्य स्तरीय दल और अन्य राज्यों के 9 राज्य स्तरीय दल शामिल हैं। साथ ही, चुनाव आयोग में पंजीकृत 416 राजनीतिक दलों की सूची उनके चुनाव चिह्नों के साथ प्रकाशित की गई है। इस सूची में उद्धव ठाकरे की शिवसेना पार्टी का 'मशाल' चिन्ह, एकनाथ शिंदे की शिवसेना पार्टी का 'धनुष-बाण' चिन्ह, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार की पार्टी का 'घड़ी' चिन्ह और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का 'तुरही बजाने वाला' चिन्ह को उनके नाम के साथ अलग से जगह दी गई है।

गौरतलब है कि आयोग ने स्पष्ट किया है कि दोनों राजनीतिक दलों के चिन्ह और नाम को लेकर विवाद का अंतिम फैसला सर्वोच्च न्यायालय के फैसले पर निर्भर करता है। इसलिए, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के बीच राजनीतिक संघर्ष की उलझन स्थानीय निकाय चुनावों में भी दिखाई देगी।

पिपानी चिन्ह से शशिकांत शिंदे को झटका

पिपानी चिन्ह पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में शरद पवार की पार्टी राकांपा के उम्मीदवारों के लिए सिरदर्द बना हुआ था। इस चिन्ह पर चुनाव लड़ने वाले निर्दलीय उम्मीदवारों ने बड़ी संख्या में वोट हासिल किए थे। खासकर, सतारा लोकसभा क्षेत्र में शरद पवार गुट के उम्मीदवार शशिकांत शिंदे को इसी के कारण हार का सामना करना पड़ा था। इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार उदयनराजे भोसले 32 हजार 274 वोटों से जीते थे, जबकि पिपानी से खड़े संजय गाडे को 37 हजार 35 वोट मिले थे।

# स्थानीय निकायों में महायुति का भगवा झंडा फहराएं -DCM एकनाथ शिंदे

**ठाणे.** नगर पालिका, जिला परिषद और महानगर पालिका के चुनाव आने वाले हैं। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों की तरह महायुति का भगवा झंडा स्थानीय निकायों में भी फहराया जाना चाहिए। सोमवार को ठाणे में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में राज्य के 16 अलग-अलग हिस्सों से जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शिवसेना (शिंदे गुट) पार्टी में शामिल हुए। पिछले ढाई-तीन सालों से राज्य भर में पार्टी में शामिल होने वालों का तांता लगा हुआ है। लोग विश्वास के साथ हमारे साथ आ रहे हैं, क्योंकि हम विकास और बालासाहेब ठाकरे के विचारों पर चल रहे हैं।

शिंदे ने कहा कि महा विकास अघाड़ी सरकार के दौरान विकास की राह में रुकावटें डाली गईं। मुख्यमंत्री बनने के बाद, मैंने उन



सभी रुकावटों को दूर किया और विकास को गति दी. उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री 'मेरी लाडली बहन' योजना लोगों के मन में घर कर गई है। अक्टूबर और नवंबर के बीच होने वाली बारिश के कारण राज्य के किसान मुश्किल में हैं। लेकिन सरकार उनके साथ मजबूती से खड़ी है। शिंदे ने कहा कि किसानों की मदद करना हमारा कर्तव्य है।

मुंबई की सभी सड़कें कंक्रीट की बनाई जा रही हैं और कोई भी सड़क डामर की नहीं रहेगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि मुंबई में कोई गड्ढा नहीं मिलेगा। साथ ही, उन्होंने कहा कि बालासाहेब ठाकरे अपना क्लिनिक, सुशोभिकरण परियोजना और नागरिकोन्मुखी योजना चला रहे हैं। विपक्ष के पास अब कोई मुद्दा नहीं है। वे झूठे आरोप लगाते हैं। लेकिन मैं आरोपों का जवाब नहीं दूंगा। मेरा जवाब मेरा काम है.

इस अवसर पर ठाकरे समूह के सचिव और प्रवक्ता डॉ. संजय लाखे पाटिल, धुले से ठाकरे समूह के पूर्व नगरसेवक जितेंद्र जगताप, शहर के संगठक विनोद जगताप, धुले वसंत पावरा के पूर्व अध्यक्ष, एमएनएस मथाडी के उपाध्यक्ष प्रथमेश चव्हाण, अमित जंगम (रायगढ़), गोपीनाथ संसारे, मातंग समाज मुंबई के अध्यक्ष विक्की जाधव, शमशुद्दीन शेख और अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता पार्टी में शामिल हुए।

### मुलुंड में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़

**मुंबई.** पुलिस ने मुलुंड स्थित एक फ्लैट में चल रहे एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया, जिसके संचालकों ने कथित तौर पर अमेरिका और कनाडा के नागरिकों को ठगा था। कॉल सेंटर के कर्मचारी खुद को एक वित्तीय कंपनी, लेंडिंगपॉइंट के कर्मचारी बताते थे और अपने शिकारों को ठगने के लिए ई-सिम कार्ड का इस्तेमाल करते थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों को तुरंत, असुरक्षित वेतन-दिवस ऋण देने का वादा किया जाता था और न्यूनतम प्रोसेसिंग शुल्क देने के बाद उन्हें ऋण नहीं मिलता था। सागर गुप्ता नाम का एक व्यक्ति मुलुंड पश्चिम कॉलोनी में अपने अन्य साथियों की मदद से एक अवैध कॉल सेंटर से फ़िशिंग कॉल/संदेश भेजकर लेंडिंगपॉइंट का ऋण अधिकारी बनकर फर्जीवाड़ा कर रहा है। वे अमेरिका और कनाडा के नागरिकों को ठग रहे हैं और उन्हें तुरंत ऋण देने का लालच देकर गिफ्ट कार्ड/क्रिप्टोकरेंसी के ज़रिए धोखाधड़ी से अपराध की कमाई हासिल कर रहे हैं।

# संघ लोक सेवा आयोग मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र मॉक इंटरव्यू का लाभ उठाएं -मनपा आयुक्त सौरभ राव

**ठाणे.** मनपा द्वारा संचालित चिंतामनराव देशमुख प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान नवंबर 2025 और दिसंबर 2025 में संघ लोक सेवा आयोग मुख्य परीक्षा 2025 उत्तीर्ण करने वाले छात्रों के लिए दो दिवसीय मॉक-इंटरव्यू सत्र आयोजित करेगा। प्रशासक व मनपा आयुक्त सौरभ राव ने छात्रों से इस मॉक-इंटरव्यू का लाभ उठाने की अपील की है। संघ लोक सेवा आयोग के माध्यम से। यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा-2025 का आयोजन 25 मई 2025 को किया गया था। इसके बाद, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा यूपीएससी मुख्य परीक्षा-2025 का आयोजन 22



अगस्त 2025 से 31 अगस्त 2025 तक किया गया है, साक्षात्कार पैनल में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त आईएएस/आईपीएस/आईआरएस, यूपीएससी विशेषज्ञ मार्गदर्शक और वरिष्ठ पत्रकार आदि शामिल होंगे। मॉक इंटरव्यू में भाग लेने वाले छात्रों को अपना डीएएफ-2 आवेदन संस्थान के ईमेल cdinstitute@thanecity.gov.in पर जमा करना होगा। छात्रों के डीएएफ-2 आवेदन का संस्थान के विशेषज्ञ प्रशिक्षक द्वारा विश्लेषण (डीएएफ विश्लेषण) किया जाएगा, जिससे छात्रों को मॉक इंटरव्यू और यूपीएससी के अंतिम साक्षात्कार में काफी लाभ होगा। अतः मॉक इंटरव्यू में रुचि रखने वाले छात्र 28 नवंबर 2025 तक https://forms.gle/o2KDHWsNZNeqdn6X9 लिंक पर पंजीकरण करा लें। अधिक जानकारी के लिए संस्थान के फ़ोन नंबर 25881421 पर संपर्क करें।मनपा द्वारा संचालित चिंतामनराव देशमुख प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान एक अग्रणी संस्था है जो संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित परीक्षाओं और अन्य संबंधित परीक्षाओं में शामिल होने वाले छात्रों को निःशुल्क मार्गदर्शन प्रदान करती है।देश की एकमात्र ठाणे मनपा है जो इस प्रकार का प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान चलाता है। अब तक, संस्थान के कुल 91 प्रशिक्षु यूपीएससी और 400 से अधिक प्रशिक्षु एमपीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हुए हैं।

# कंगना रनौत को झटका

## रिवीजन याचिका कोर्ट में स्वीकार



**भा**जपा सांसद और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत की अदालत से झटका लगा है। अब उनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उनके विरुद्ध दायर रिवीजन को विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट लोकेश कुमार ने स्वीकार करने के आदेश दिए। साथ ही कोर्ट ने परिवाद में पारित आदेश छह मई 25 को निरस्त कर दिया है। अवर न्यायालय को निर्देश दिए कि बीएनएसएस की धारा 225 के प्रावधानों का अनुपालन के उपरांत पत्रावली पर मौजूद तथ्य व साक्ष्यों के आधार पर पुनः सुनवाई करें। इसके लिए मामले की सुनवाई को 29 नवंबर नियत की है।

किसानों के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा क्षेत्र से सांसद कंगना रनौत के विरुद्ध 11 सितंबर 24 को वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने अदालत में परिवाद प्रस्तुत किया था। इसमें कहा कि सांसद ने 26 अगस्त 2024 को एक बयान में किसानों के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी, जो उनके और लाखों किसानों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली थी। सुनवाई के बाद अधीनस्थ न्यायालय ने छह मई को परिवाद को खारिज कर दिया था। अधिवक्ता ने आदेश के खिलाफ सत्र न्यायालय में रिवीजन प्रस्तुत किया था। इसमें अभियोजन की ओर से एडीजीसी प्रदीप शर्मा व मोहित पाल सिंह ने सरकार की ओर से पक्ष रखा और दलीलें दीं। वहीं रिवीजनकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता दुर्गविजय सिंह भैया, अमीर अहमद व राजवीर सिंह ने तर्क दिए कि अवर न्यायालय द्वारा उक्त वाद को निरस्त किया जाना न्याय संगत नहीं है। उन्होंने साक्ष्य भी दाखिल किए। वहीं कंगना की ओर से अधिवक्ता अनसूया चौधरी, विवेक शर्मा व अभिनय झा ने भी तर्क प्रस्तुत किए। विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए ने आदेश में लिखा कि अवर न्यायालय द्वारा छह मई 25 को आदेश पारित किए जाने में धारा 225 (1) बीएनएसएस के प्रावधान की अनदेखी की गई है।

# एड. यासीन मोमिन मोहिब्बे उर्दू पुरस्कार से सम्मानित

**भिवंडी.** दिल्ली में आयोजित उर्दू दिवस समारोह के अवसर पर विश्व उर्दू फाउंडेशन (दिल्ली) द्वारा शहर के प्रसिद्ध सीनियर एडवोकेट यासीन मोमिन को ₹मोहिब्बे उर्दू ऐज़ाज़₹ से सम्मानित किया गया. भव्य समारोह में उर्दू जगत की प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया. उक्त मौके पर एड यासीन मोमिन ने भारत में उर्दू की स्थिति पर प्रकाश डाला और विशेष रूप से महाराष्ट्र राज्य में उर्दू की स्थिति से श्रोताओं को अवगत कराया.एडवोकेट यासीन मोमिन को दिल्ली की संस्था द्वारा पुरस्कार



से सम्मानित किए जाने पर कोकण मुस्लिम एजुकेशन सोसायटी के सभी पदाधिकारी,सदस्य और सहयोगी मंडल ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

# सभी सफाई कर्मचारियों को दो महीने में उत्तराधिकार अधिकार का लाभ

**ठाणे.** मनपा के सभी सफाई कर्मचारियों को अगले दो महीनों में उत्तराधिकार अधिकार प्रदान करने का निर्णय विधायक संजय केलकर, वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारी संघ की एक संयुक्त बैठक में लिया गया।मनपा के कर्मचारियों की कई माँगें लंबित हैं और कई सफाई कर्मचारी उत्तराधिकार अधिकार के लाभ से भी वंचित हैं। इन कर्मचारियों के अनुरोध पर, विधायक संजय केलकर ने मनपा मुख्यालय में अधिकारियों की एक बैठक की। इस अवसर पर विधायक केलकर के साथ मुख्यालय उपायुक्त गोदापुरे, कार्मिक अधिकारी दयानंद गुंडप उपस्थित थे। इस बैठक में, अगले दो महीनों में उत्तराधिकार अधिकार के सभी मामलों का निपटारा कर दिया जाएगा और सफाई कर्मचारियों को उत्तराधिकार अधिकार का लाभ प्रदान किया जाएगा, गोदापुरे ने विधायक केलकर को बताया।शिक्षा विभाग में अनुकंपा के आधार पर कर्मचारियों के मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। कहा गया कि आने वाले दिनों में फिर से विस्तृत चर्चा की जाएगी। बैठक में शिक्षा विभाग में कर्मचारियों को शामिल करने के मुद्दे पर भी सकारात्मक चर्चा हुई।बैठक में महाराष्ट्र श्रमिक संघ के अध्यक्ष दत्ता घुगे, महासचिव अजीत मोरे, कोषाध्यक्ष सुधाकर शिंदे उपस्थित थे।

# कल्याण स्टेशन पर फर्जी आरपीएफ जवान गिरफ्तार

**कल्याण.** रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने बुधवार को कल्याण रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल के एक फर्जी व्यक्ति को गिरफ्तार किया। यह फर्जी व्यक्ति उस्मानाबाद जिले के भूम तालुका के इडा गाँव का निवासी है। कल्याण रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल के एक अधिकारी ने इस फर्जी व्यक्ति को देखा। उससे पूछताछ करने पर पता चला कि वह फर्जी व्यक्ति है और कल्याण रेलवे पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

उसका नाम अविनाश राजाराम जाधव है। रेलवे सुरक्षा बल के जवान की वर्दी पहने हुए, वह बुधवार आधी रात को कल्याण रेलवे स्टेशन पर गश्त कर रहा था।

कल्याण रेलवे स्टेशन के सहायक पुलिस उप-निरीक्षक रमेश सिंह यादव कल्याण रेलवे स्टेशन पर गश्त कर रहे थे। लगभग 1:30 बजे, रमेश सिंह यादव ने कल्याण रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर खाकी वर्दी पहने एक वर्दीधारी रेलवे सुरक्षा कर्मी को गश्त करते देखा। रमेश सिंह को उसकी बातों से पता चल गया कि वह नकली है। उन्होंने अपने वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रंजीत सिंह को घटना की सूचना दी। वे तुरंत टीम के साथ मौके पर पहुँचे। रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने उसे कल्याण रेलवे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। उपनिरीक्षक प्रमोद जगताप मामले की जाँच कर रहे हैं। अविनाश ने आरपीएफ कर्मी की वर्दी इस तरह पहनी थी कि किसी को उस पर शक न हो। उस पर आरपीएफ का बैज और नेमप्लेट लगी थी।

# कांग्रेस महासचिव प्रदीप राका को मातृ शोक

**भिवंडी.** कांग्रेस पार्टी महाराष्ट्र महासचिव एवं भिवंडी मनपा शिक्षण मंडल पूर्व सभापति प्रदीप (पप्पू) राका की माता श्रीमती शांताबाई वालचंद राका (93) का देहावसान हो गया.



मंडई स्थित राका भवन से निकली शवयात्रा में शहर के तमाम राजनैतिक दलों के शीर्ष नेता, सर्व समाज के गणमान्य लोग, शुभचिंतक, रिश्तेदार भारी संख्या में शामिल हुए.अजय नगर स्थित चिरशांति गृह में धार्मिक रीति रिवाज,वैदिक मंत्रों के साथ अग्निदाह किया गया. शहर के तमाम गणमान्य लोगों ने कैलाशवासी आत्मा की चिरशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर आदरांजलि अर्पित की. भावयात्रा (बैठक) आज लासी साइकिल नजराना के पीछे स्थित श्री स्वामी नारायण जैन मंदिर में सुबह 10.30 से दोपहर 1.30 तक रखी गई है.

शोकाकुल परिवार - देवराज, प्रदीप (पप्पु), राजेश, वंश, आदित्य एवं समस्त राका परिवार, शा. वालचंद लालचंद राका ज्वेलर्स प्रा. लि., मुंबईवाला सराफ, भिवंडी. पियर पक्ष - सादड़ी (राणकपुर) निवासी, स्व. संघवी मुलचंदजी भीकमचंदजी, अरुण, अनिल एवं समस्त भीखुशेठ परिवार


उल्हास वि NEWS LIVE
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर Since 1985



Late Shri. ASHOK U. BODHA 18-02-1945 to 19-12-2017
www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha L.L.B., BMM, MA (PS)


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099